20. पत्र लेखन

पत्र माध्यम होते हैं संदेश को एक–स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने का। आज संदेश भेजने के इतने नए तरीके उपलब्ध हैं फिर भी पत्र लिखना आज भी एक रोचक विधा के रूप में विद्‌यमान है।

शिक्षण–संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को पत्र लिखने का सही तरीका बताएँ।
- पत्र लिखते समय ध्यान रखने योग्य विशेष बातें बताएँ।
- पूछें, क्या आपने कभी कोई पत्र लिखा है आदि। बच्चे जवाब में बता सकते हैं कि छुट्‌टी के लिए प्रार्थना पत्र आदि लिखा है।
- बताएँ, औपचारिक पत्र यानी विद्‌यालय या कार्यालय को लिखे जाने वाले पत्र तथा अनौपचारिक पत्र यानी अपने मित्रों, परिवारजनों को लिखे जाने वाले पत्र।
- पत्र के प्रारूप पर चर्चा करते हुए इसके बारे में समझाएँ।
- दोनों प्रकार के पत्रों के उदाहरण बच्चों से ही पढ़वाएँ।
- प्रत्येक बच्चे पर अपना ध्यान दें।
- प्राचीन काल में संदेश भेजने के साधनों तथा आज के समय में संदेश के माध्यमों की तुलना करते हुए पत्रों की उपयोगिता पर बातचीत करें।
- अभ्यास करवाने में आवश्यक सहायता करें।